आदरणीय दादी जानकी जी के 103 वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में

रक्तदान महाअभियान-दि.1 से 7 जनवरी 2019

सेण्टर के द्वारा आयोजित कैम्प के लिए पूर्वतैयारी

1) सेण्टर द्वारा अभियान के लिए एक कमिटी स्थापन की जाये, जिसमें सेण्टर के मुख्य भाई-बहनें हो ।

2) एक भाई या बहन को सेण्टर पर इस अभियान के लिए नियुक्त किया जाये जो **जोन / सबजोन से सम्पर्क बनाये रखें।**

3) 1 जनवरी से 7 जनवरी तक किसी भी दिन आयोजन कर सकते हैं। *(कम से क म 103 युनिट ब्लड संकलित करना)*

4) आपके शहर में उपलब्ध ब्लड बैंको की लिस्ट स्टेट कॉ-ऑर्डिनेटर से आपको प्राप्त हो जायेगी, उस ब्लड बैंक से कैम्प के लिए सम्पर्क करना है जिसकी लिस्ट, आपको मधुबन रोजरी द्वारा भेजी गई है। ***(स्टेट कॉ-ऑर्डिनेटर की लिस्ट मोबाईल नं के साथ वेबसाइट पर है)***

5) सेण्टर द्वारा रक्तदान अभियान के लिए सुयोग्य स्थान या हॉल आदि का चयन करना ।

6) आपके शहर के सेवाभावी एवं सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर उनको सहयोगी बनाकर, संयुक्त रूप से अभियान को चलाना। जैसे रोटरी क्लब, लायन्स क्बल, महावीर इन्टरनैशनल और अन्य कोई भी । सेवाकेन्द्र के सम्पर्क में जो समाजसेवी संस्थाए है उनसे सहयोग लेना, सम्पर्क बनाये रखना।

7) आपके शहर के कॉलेज, युनिर्वसिटीज, इन्स्टिट्युट आदि जगहों पर जाकर अभियान की जानकारी देकर युवाओं में रक्तदान करने के लिए जागृती लाकर उन्हें रक्तदान करने के लिए प्रेरित करना । और जो रक्तदान करने के इच्छुक है, उनसे संकल्प पत्र भरवाना।
(रक्तदान संकल्प पत्र - raktdanabhiyan.bk.ooo इस वेब साइट पर उपलब्ध है, इसे डाउनलोड कर प्रिंट करवा सकते हैं, यह आप दि. 20 दिसम्बर तक भर सकते हैं)

8) रक्तदाताओं के लिए कैम्प की जगह रिफ्रेशमेन्ट आदि रखना (जैसे जूस, फ्रूटी, बिस्कुट, चाय आदि)

9) अभियान को लेकर स्थानीय प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा कैम्प के 15 दिन पूर्व से ही सभी लोगों तक अभियान की जानकारी पहुँचाना ।

10) अभियान के जनजागृती के लिए सेवा केन्द्र एवं शहर में बडे होर्डिंग्ज लगाना ।

11) **विंगजस की सहभागिता और सहयोग -** मेडिकल विंग, सोशल विंग, युथ विंग, रोटरी ब्लड बैंक (GHRC), समाजसेवा प्रभाग के जो भी सदस्य सेण्टर से जुडे है, उनको इस अभियान में सक्रीय बनाकर उनसे सहयोग लेना ।

12) ब्लड डोनेशन से संबंधित जो भी सावधानियाँ एवं मापदंड होते है उसे उपयोग में लाना।

13) **हेड क्वार्टर से** सभी रक्तदाताओं के लिए सौगात भेजी जायेगी । (विशेष मेडल के रूप में)

14) महा अभियान के समय फोटोग्राप्स एवं फुटेज की रिकार्डींग करना ।

15) फोटोग्राफ्स को हेड क्वार्टर में रिकार्ड रखने हेतू मेल द्वारा, वाटसऐप द्वारा भेजना ।

16) कैम्प में एक दादी जी के फोटो के साथ सेल्फी पॉंईट बनायें।

17) एक छोटा पब्लिक प्रोग्रम भी रख सकते हैं।